INDIAN SCHOOL SOHAR SET-1

PERIODIC TEST - I (2018-19)

CLASS : VIII HINDI MAX.MARKS : 20

DATE : 21/05/2018 DURATION : 45Min.

सामान्य निर्देश : 1) कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में कुल आठ प्रश्न हैं।

2) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या लिखना आवश्यक है ।

3) सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

प्रश्न 1 : निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए । (4)

दूसरों के अधीन होना ही पराधीनता है। पराधीनता एक अभिशाप है। इससे व्यक्तित्व के विकास में बाधा आती है। व्यक्ति स्वतंत्र रूप से सोचने-समझने या निर्णय लेने लायक नहीं रह जाता। उसका मन हार जाता है। कहा गया है कि मन के हारे हार हैं,मन के जीते जीत। मन से हारा व्यक्ति जीवन में हर बाज़ी हार जाता है। उसका मनोबल टूट जाता है। पराधीन व्यक्ति में हीनता की भावना पैदा हो जाती है। हर काम में उसकी रुचि समाप्त हो जाती है। पराधीन व्यक्ति कभी प्रगति नहीं कर सकता। ऐसा व्यक्ति कभी चैन से नहीं रह सकता। वह हमेशा दुखी रहता है। सुख उसके लिए सपना बन जाता है और सपने में भी उसे सुख नहीं मिलता। महाकवि तुलसीदास जी ने कहा भी है -'पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं।'

(क) पराधीनता क्या है ?

(ख) महाकवि तुलसीदास जी के अनुसार -'पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं' का क्या अर्थ है ?

(ग) ' स्वतंत्र ' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

(घ) प्रस्तुत गद्यांश का कोई उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

प्रश्न 2: निम्नलिखित अशुदध वाक्यों को शुदध करके लिखिए। (2)

(क) प्रात:काल के समय हवा शुदध होती है।

(ख) मुझे एक फूलों की माला चाहिए ।

प्रश्न 3: अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों के भेद लिखिए । (2)

(क) अगर नियमित अभ्यास करते तो तुम भी दौड़ में प्रथम आते ।

(ख) क्या आप मस्कत जाएँगे ?

प्रश्न 4 : ' निगाह ' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (1)

प्रश्न 5 : (क) परिक्षा (ख) आर्शीवाद - शब्द की वर्तनी शुद्ध कीजिए। (1)

प्रश्न 6 : निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (2)

(क) प्रत्यूष (ख) मचिया (ग) निमित्त (घ) बेतावी

प्रश्न 7 : निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए। (2)

(क) सुबह-सुबह (ख) वश

प्रश्न 8 : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के विस्तार से लिखिए। (6)

(क) फूलों को अनंत तक विकसित करने के लिए कवि कौन -कौन सा प्रयास करता है ?

(ख) बदलू के मन में ऐसी कौन सी व्यथा थी जो लेखक से छिपी न रह सकी ?

(ग) लोगों ने यह सलाह क्यों दी कि समझदार आदमी इस शाम वाली बस से सफर नहीं करते ?

(घ) मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया ?

*****समाप्त*****

INDIAN SCHOOL SOHAR SET-2
PERIODIC TEST - I (2018-19)

CLASS : VIII HINDI MAX.MARKS : 20
DATE : 21/05/2018 DURATION : 45 MIN.

सामान्य निर्देश : 1) कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में कुल आठ प्रश्न हैं।
2) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या लिखना आवश्यक है ।
3) सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

प्रश्न 1 : निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए । (4)

दूसरों के अधीन होना ही पराधीनता है। पराधीनता एक अभिशाप है। इससे व्यक्तित्व के विकास में बाधा आती है। व्यक्ति स्वतंत्र रूप से सोचने-समझने या निर्णय लेने लायक नहीं रह जाता। उसका मन हार जाता है। कहा गया है कि मन के हारे हार हैं,मन के जीते जीत। मन से हारा व्यक्ति जीवन में हर बाज़ी हार जाता है। उसका मनोबल टूट जाता है। पराधीन व्यक्ति में हीनता की भावना पैदा हो जाती है। हर काम में उसकी रुचि समाप्त हो जाती है। पराधीन व्यक्ति कभी प्रगति नहीं कर सकता। ऐसा व्यक्ति कभी चैन से नहीं रह सकता। वह हमेशा दुखी रहता है। सुख उसके लिए सपना बन जाता है और सपने में भी उसे सुख नहीं मिलता। महाकवि तुलसीदास जी ने कहा भी है -'पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं।'

(क) व्यक्तित्व के विकास में बाधा कब आती है ?
(ख) कैसा व्यक्ति जीवन में कभी चैन से नहीं रह पाता है ?
(ग) ' अभिशाप ' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।
(घ) प्रस्तुत गद्यांश का कोई उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

प्रश्न 2: निम्नलिखित अशुदध वाक्यों को शुदध करके लिखिए। (2)
(क) हमने हमारा भोजन समाप्त कर लिया।
(ख) सज्जन व्यक्तियों की संगति करो।

प्रश्न 3: अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों के भेद लिखिए । (2)
(क) अगर आप कहते तो हरि काम करता ।
(ख) क्या तुम विद्यालय जा रहे हो ?

प्रश्न 4 : ' डलिया ' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (1)

प्रश्न 5 : (क) नछत्र एवं (ख) स्वास्थय - शब्द की वर्तनी शुद्ध कीजिए । (1)

प्रश्न 6 : निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (2)

(क) लालसा (ख) खपत (ग) फबना (घ) बेताबी

प्रश्न 7 : निम्नलिखित मुहावरे तथा शब्द का वाक्यों में प्रयोग करो। (2)

(क) रंग-बिरंगी (ख) हार

प्रश्न 8 : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए। (6)

(क) कवि पुष्पों की तंद्रा और आलस्य दूर हटाने के लिए क्या करना चाहता है ?

(ख) बचपन में लेखक अपने मामा के गाँव चाव से क्यों जाता था और बदलू को बदलू मामा न कहकर बदलू काका क्यों कहता था?

(ग) लेखक को ऐसा क्यों लगा जैसे सारी बस ही इंजन है ?

(घ) लेखक हर पेड को दुश्मन क्यों समझ रहा था ?

*****समाप्त*****